तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 11 अक्टूबर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



3 सरपंच, सचिव ने बालू मद से 60 लाख रुपए का किया गबन





आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर


## खबर संक्षेप

### पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक 14 को

**बलरामपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया है कि जिले में पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 की धारा 17 की उपधारा (5) के अंतर्गत जिला सलाहकार के रूप में जिला सलाहकार समिति का गठन किया गया है। उक्त सलाहकार समिति की बैठक 14 अक्टूबर को समय-सीमा की बैठक पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### ई नीलामी प्रक्रिया से रेत खदान आबंटन हेतु प्रशिक्षण 14 को

**अम्बिकापुर।** जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के तहत एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। ई-नीलामी से संबंधित समस्त प्रक्रिया यथा निविदा जारी करना, निविदा में भाग लेने हेतु बोलीकर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया, अधिमानी बोलीदार का चयन इत्यादि समस्त कार्यवाही उक्त पोर्टल से ही किया जाएगा। पोर्टल के विषय में 14 अक्टूबर को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### प्रशासकीय स्वीकृति के लिए अटकी हुई है फाइल

# बीत गया रैनी सीजन, अब तक नहीं मिली 5 प्रमुख सड़कों के जीर्णोद्धार की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

रैनी सीजन समाप्त होने के बाद भी शहर की 5 प्रमुख सड़कों की जर्जर स्थिति से छुटकारा मिलना संभव नजर नहीं आ रहा है। ऐसा इस लिए क्यों कि लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर की पांच प्रमुख सड़कों के लिए भेजे गए प्रस्ताव को अब तक मंजूरी नहीं मिल पाई है। लोनिवि द्वारा प्रस्ताव अभी भी शासन स्तर पर ही लंबित है। इस निर्माण कार्य को स्वीकृति मिलने में अभी लंबा समय लग सकता है और स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर व अन्य प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाद काम शुरू होने में भी दो से ढाई महीने का समय लग जाएगा। इस दौरान लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**खास बात**

- लगभग 232 करोड़ रुपए से 4 लेन सड़कों का भेजा गया है प्रस्ताव , लोगों को करना होगा लंबा इंतजार

शहर के सड़कों की हालत बेहद जर्जर है और लोगों का सड़क पर आवागमन करना मुश्किल हो गया है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण लोग आए दिन दुर्घटना के शिकार हुए। बारिश के समय सड़क के गड्ढों में पानी भरने के साथ ही कीचड जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा वहीं अब बारिश समाप्त होने के बाद शहर की सड़कों पर धूल का गुबार है और लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि शहर में प्रमुख सड़कें लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राज मार्ग के अधीन है और इन सड़कों के पुनर्निमाण के लिए शासन से स्वीकृति मिली थी। शासन के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग द्वारा गांधी चौक से रेलवे स्टेशन तक, अग्रसेन चौक से लुचकी घाट, अम्बेडकर चौक से बनारस रोड, लरंगसाय चौक से रामानुजगंज रोड, बिलासपुर चौक से बिलासपुर रोड तक पांच सड़कों को 4 लेन बनाने की कार्य योजना बनाकर भेजा गया था। पूर्व में लोक निर्माण विभाग द्वारा 326 करोड़ रुपए की लागत से पांच प्रमुख सड़कों के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया था लेकिन बाद में फिर से इस प्रस्ताव में संशोधन किया गया और जीएसटी, 1 प्रतिशत क्वालिटी कंट्रोल की राशि घटाकर लगभग 232 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा गया लेकिन इस प्रस्ताव को अभी तक शासन से स्वीकृति मिल पाई है। अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में फाइल मंत्रालय में ट्राइबल विभाग में अनुमोदन के लिए गया हुआ है और प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद तकनीकी स्वीकृति ली जाएगी। तकनीकी स्वीकृति के बाद टेंडर की प्रक्रिया की जाएगी।



जर्जर सड़क।

### किस सड़क के लिए कितनी राशि

शहर में पांच प्रमुख सड़कों में गांधी चौक से रेलवे स्टेशन तक 5.54 किमी की 4 लेन सड़क का निर्माण 63 करोड़ 72 लाख रुपए की लागत से किया जाना है। इसके साथ ही अग्रसेन चौक से लुचकी रोड में 2.70 कमी सड़क का निर्माण 26.21 करोड़ रुपए की लागत से किया जाना है। अम्बेडकर चौक से बनारस रोड में 6.20 किमी सड़क का निर्माण 53.83 करोड़ रुपए की लागत से किया जाना है। इसी तरह लरंगसाय चौक से रामानुजगंज रोड में असोला के आगे तक 6.38 किमी सड़क का निर्माण 71.68 करोड़ की लागत से होना है। इसी तरह बिलासपुर चौक से एनएच 130 पहुंच मार्ग तक 1.50 किमी सड़क का निर्माण 17.28 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा।

### घटाई गई सड़कों की लम्बाई

लोक निर्माण विभाग ने प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजे गये संशोषित प्रस्ताव में प्रमुख की लम्बाई घटा दी है। विभाग की ओर से अग्रसेन चौक से लुचकी रोड में पूर्व में 3.5 किमी सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया था जिसे अब घटाकर 2.70 किमी कर दिया गया है। इसके साथ ही अम्बेडकर चौक से बनारस रोड में भी सड़क पूर्व में 10 किमी तक बनाई जानी थी लेकिन अब इसे भी घटाकर 6.20 किमी कर दिया गया है। इसी तरह बिलासपुर चौक से सांडबार रोड तक पूर्व में 2.5 किमी सड़क का निर्माण किया जाना था लेकिन अब 1.50 किमी सड़क का निर्माण होगा। विभाग का कहना है कि ये तीनों सड़कें बाईपास में जाकर मिल रही है और बाईपास के कारण लंबाई घटाई गई है जबकि जरुरत के अनुरूप एमजी रोड में सड़क की लम्बाई 500 मीटर बढाई गई है और रेलवे स्टेशन तक सड़क बनाई जाएगी। जबकि रामानुजगंज रोड में भी पूर्व में 5 किमी सड़क का निर्माण होना था लेकिन अब इसकी लम्बाई 6.38 किमी की गई है और बाईपास के पास जाकर सड़क को मिलाया जाएगा।

### सिर्फ तीन को स्वीकृति मिलने की संभावना

बताया जा रहा है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा भेजे गये प्रस्ताव में से बिलासपुर रोड और बनारस रोड की सड़क के प्रस्ताव को फिलहाल मंजूरी नहीं मिल पाएगी। इसका प्रमुख कारण यह है कि दोनों सड़कें फिलहाल परफोर्मेंस गारंटी में है इसलिए इन सड़कों को प्रशासकीय स्वीकृति मिलने में दिक्कत होगी। हालांकि इन दोनों ही सड़कों में जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे है और लोगों को परेशानी हो रही है।

### नहीं मिली है मंजूरी

सड़कों के निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। फिलहाल प्रशासकीय स्वीकृति नही मिल पाई है। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया की जाएगी।

-वीरेंद्र चौधरी, ईई लोनिवि



# कूटरचित दस्तावेज तैयार कर सूदखोरी करने के मामले में चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर सूदखोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। 18 प्रतिशत वार्षिक दर पर ब्याज देने के बाद महिला से 10 प्रतिशत मासिक दर से वसूली करने और फर्जी तरीके से अनुबंध पत्र बनाकर रकम 30 लाख रुपए करने के मामले में पुलिस ने एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि गोधनपुर नवापारा निवासी अलका सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने अपनी पहचान की महिला अनुपमा सिंह से उधार में 13 लाख रुपए 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर लिया था और उसमें से वह 11 लाख 82 हजार रुपए वापस भी कर चुकी है। रुपए लेने के बाद अब महिला और उसके साथियों द्वारा 10 प्रतिशत मासिक ब्याज की दर पर 18 लाख रुपए की मांग की जा रही है। इसके साथ ही महिला और उसके साथियों द्वारा गाली गलौज करने के साथ ही प्रताड़ति किया जा रहा है। सूदखोरी का मामला सामने आने के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जांच के निर्देश दिए थे जिसके बाद एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में गांधीनगर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि महिला अनुपमा सिंह ने स्वयं के 6 लाख, परिचित अनुज सिंह से 4 लाख, पंकज चौधरी से 10 लाख रुपए, भक्कू राम मुंडा से 3 लाख व अन्य से 3 लाख रुपए मिलाकर 10 प्रतिशत मासिक ब्याज पर देकर अवैध लाभ अर्जित करने की योजना बनाई और इसी योजना के तहत महिला आरोपी ने अलका सिंह को ब्याज पर 13 लाख रुपए दिए। पुलिस के अनुसार जब इस मामले में आरोपिया अनुपमा सिंह से पूछताछ की गई तो उसने बचने के लिए एक अनुबंध पत्र पेश किया और बताया कि महिला ने 30 लाख रुपए लिए थे। ऐसे में पुलिस ने आरोपी के बयान की पुष्टि करने के साथ ही मामले की जांच की तो पता चला कि महिला आरोपी अनुपमा सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर 3 कोरे चेक में हस्ताक्षर ले लिया। इतना ही नहीं उन्होंने महिला के पति का एसबीआई, सेंट्रल बैंक के चेक से 10-10 लाख रुपए का रकम भरकर फर्जी तरीके से 50 रुपए के स्टाम्प पर अनुबंध पत्र तैयार कर लिया। महिला से अवैध रूप से ब्याज की ▶▶ शेष पेज 4 पर

- कूटरचित दस्तावेज तैयार कर सूदखोरी करने के मामले में चार गिरफ्तार





AASTHA HOSPITAL
BRIDGING HOPE AND SCIENCE FOR LIFE
आस्था
मल्टीस्पेशियलिटी
हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
BRIDGING HOPE AND SCIENCE FOR LIFE
"अब अम्बिकापुर में"
अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ
12 अक्टूबर 2025
(दिन रविवार)
भव्य
शुभारंभ
मुख्य अतिथि एवं गणमान्य व्यक्ति
अध्यक्षता
श्री रामविचार नेताम जी
मान. मंत्री छ.ग. शासन
मुख्य अतिथि
श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी
मान. मंत्री छ.ग. शासन
विशिष्ट अतिथि
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी
मान. मंत्री छ.ग. शासन
श्री राजेश अग्रवाल जी
मान. मंत्री छ.ग. शासन
श्री चिंतामणी महाराज जी
मान. सासंद - सरगुजा लोकसभा
AASTHA MULTI SPECIALITY HOSPITAL & RESEARCH CENTRE
PHARMACY
LEADING IVF & FERTILITY CENTRE
Welcome Greetings
Dr. Subrata Das (MS Gynaecology)
Dr. Imtiaz Ali Ahmed
(M.D. Medicine)
And All Staff
Courteous
Mr. Vinod Kumar Gupta (Director)
Mr. Sunil Kumar Sinha (Director)
हमारे प्रमुख विभाग
स्त्री एवं प्रसूति विभाग
शिशु रोग विभाग
हड्डी रोग विभाग
मेडिसिन विभाग
सर्जरी विभाग
एनेस्थीसिया विभाग
उम्मीद, अनुभव और आधुनिक चिकित्सा
सब एक छत के नीचे
इंदिरा IVF सेंटर-आधुनिक तकनीक और अनुभवी विशेषज्ञों के साथ
नॉर्थ रिंग रोड, लरंग साय चौक (बंगाली चौक) के पास अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.) 497001
मो. 7773000716, 7773000719
www.aasthamhrc.in
aasthahospital.official@gmail.com

**खबर संक्षेप**

### वरिष्ठ भाजपा नेता श्रवण दास बने विधायक प्रतिनिधि



**सीतापुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रवण दास को विधायक रामकुमार टोप्पो ने अपना विधायक प्रतिनिधि बनाया है। श्रवण दास पूर्व में मंडल अध्यक्ष का दायित्व निभा चुके है। विधायक प्रतिनिधि नियुक्ति होने के बाद श्रवण दास विधायक रामकुमार टोप्पो की अनुपस्थिति में ब्लॉक स्तरीय होने वाली बैठकों में विधायक का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**हेल्थ प्लस**

### तेज डायग्नोस्टिक में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 12 अक्टूबर को आईएलएस हॉस्पिटल रायपुर के मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.भुवन शर्मा, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार अग्रवाल, दर्द एवं जोड़ों के विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.रितेश रंजन, किडनी, प्रोस्टेट, स्टोन एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.ताज मोहम्मद सिद्दिकी, ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन, एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ डॉ.महावीर सिंह जौहरी, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.तुषार बहादुरे संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ का मामला

# सरपंच, सचिव ने बालू मद से 60 लाख रुपए का किया गबन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

**खास बात**

- उप सरपंच की शिकायत पर जांच शुरू

शासन द्वारा बालू खनन हेतु लीज प्राप्त ग्राम पंचायत द्वारा रॉयल्टी एवं मजदूरी भुगतान के लिए जमा लाखो रुपये गबन हो गया। सरपंच सचिव ने मिलकर ग्राम पंचायत के खाते में जमा बालू मद की राशि लगभग 60 लाख रुपये फर्जी तरीके से गबन कर लिया। मजे की बात यह है कि सरपंच सचिव ने इतना बड़ा घोटाला आचार संहिता लगने के बाद किया है जबकि आचार संहिता लगने के बाद सरपंच और सचिव के अधिकार शून्य हो जाते है। सरपंच सचिव ने आचार संहिता को ताक पर रखकर बालू मद का लाखों रुपए गबन कर लिया। इस बात की जानकारी मिलने पर उपसरपंच के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों ने सीईओ जनपद पंचायत को ज्ञापन सौंप जांच की मांग की है।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार शासन द्वारा सन 2024-25 में ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ को मांड नदी से रेत खनन के लिए पांच साल का लीज जारी किया गया था। इस लीज के तहत शासन द्वारा जारी दिशानिर्देश का पालन करते हुए सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत के खाते में राशि जमा करना था। राशि जमा करने के बाद सरपंच द्वारा रेत खनन करते हुए उसकी बिक्री करनी थी। रेत की बिक्री से होने वाली आय में से प्रति घनमीटर 118 रुपये मजदूर को भुगतान करना था एवं 50 रुपये घनमीटर विकास कार्य में खर्च करना था। लीज मिलने के पहले साल में बालू की जरूरत को देखते हुए एक सड़क ठेकेदार द्वारा लगभग 80 लाख रुपये रॉयल्टी के रूप में ग्राम पंचायत के खाते में जमा कराई गई था। इसके अलावा रेत व्यापारियों ने भी ग्राम पंचायत के खाते में लाखों रुपए रॉयल्टी के रूप में जमा किये थे। रॉयल्टी जमा करने के बाद रेत व्यापारियों ने अपने हिस्से का बालू ले लिया था लेकिन 80 लाख जमा करने के बाद भी सड़क ठेकेदार द्वारा बालू का उठाव नही किया गया था। जिसकी वजह से पंचायत के बालू मद के खाते में रॉयल्टी के रूप में लाखों रुपए जमा थे। जिसे देखकर सरपंच सचिव के मन मे लालच आ गया और वो इस राशि को ठिकाने लगाने की फिराक में जुट गए। सरपंच सचिव पहले रेत खनन में लगे मजदूरों को मजदूरी भुगतान करना बता फर्जी तरीके से लाखों रुपए आहरण कर लिए। इस फर्जीवाड़े का जब कोई विरोध नही हुआ तो उनका हौसला बढ़ गया और वो समय समय पर फर्जी तरीके से आहरण करते हुए बालू मद का 60 लाख गबन कर लिया। हद तो तब हो गई जब ग्राम पंचायतों में चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू कर दी गई। इसके बाद भी सरपंच सचिव ने मिलकर घोटाले को अंजाम देते हुए पंचायत के बालू मद से लाखों रुपए आहरण कर लिया। उपसरपंच सुनील अग्रवाल के नेतृत्व में पंचों ने सरपंच सचिव से बालू मद का हिसाब एवं मजदूरों को किये गए भुगतान का मस्टर रोल मांगा तो सरपंच सचिव गोलमाल जवाब देने लगे। जिसके बाद उपसरपंच के नेतृत्व में पंच समेत ग्रामीणों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को ज्ञापन सौंपा और इस मामले की जांच की मांग की।

इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी खुशबू शास्त्री ने बताया कि फिलहाल ग्राम पंचायत के खाते को ब्लॉक कर दिया गया है। खनिज विभाग के सहयोग से इसकी जांच की जा रही है। अगर जरूरत पड़ी तो इस जांच में उच्चाधिकारियों का भी सहयोग लिया जायेगा।



शिकायत को लेकर जांच करते अधिकारी।



## लकड़ी तस्करी में लगे ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

तस्करी में लगे लकड़ी लोड ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने इस मामले में ट्रैक्टर को जब्त करते हुए चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम विशुनपुर रतनपुर निवासी 45 वर्षीय कमलेश्वर कुजूर अपने 33 वर्षीय भतीजे तूफान कुजूर के साथ बाजार से सब्जी खरीदकर बाइक से घर जा रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे क्र-43 पर ग्राम विशुनपुर के पास लकड़ी तस्करी में लगे लगा ट्रैक्टर ने बाइक सवार चाचा भतीजा को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक चालक कमलेश्वर की मौत हो गई वही भतीजा तूफान घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतक एवं घायल को हॉस्पिटल भेजते हुए चालक एवं ट्रैक्टर को लेकर थाने पहुंची। पुलिस ने मामले में धारा 281,125 (ए), 106(1) के तहत चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज करते हुए शव का पोस्टमार्टम के बाद उसे घरवालों को सौंप दिया है। बड़ी बात यह है कि जिस लकड़ी लोड ट्रैक्टर से टकराकर युवक की दर्दनाक मौत हो गई वो ट्रैक्टर लकड़ी तस्करों की थी जो अवैध रूप से लकड़ी लोड करके मुख्य मार्ग से बेखौफ होकर लकड़ी तस्करों द्वारा बिना अनुमति के सुवारपारा में संचालित लकड़ी के गोदाम तक जा रहा था। इसी बीच ये हादसा हो गया और लकड़ी तस्करी में संलिप्त ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जिस दौरान ये हादसा हुआ उस दौरान ट्रैक्टर में लकड़ी लोड था किंतु जैसे ही यह हादसा हुआ ट्रैक्टर में लोड लकड़ी गायब कर दिया गया। दरअसल क्षेत्र में हो रहे लकड़ी तस्करी में संलिप्त उत्तरप्रदेश के तस्करों को राजनीतिक प्रश्रय के अलावा अधिकारियों का संरक्षण भी प्राप्त है। जिसकी वजह से क्षेत्र में कई बार लकड़ी तस्करी को लेकर तस्करों के बीच टकराव की स्थिति एवं खूनखराबे की नौबत तक आ चुकी है।

## शासकीय कॉलेज सिलफिली में पेंटिंग प्रतियोगिता मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में दो कार्यक्रमों का आयोजन प्राचार्य अमित सिंह बनाकर के मार्गदर्शन में हुआ,पहला ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर के तहत कराया गया,जिसमें एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से अपने विचार प्रदर्शित किए।

महाविद्यालय की छात्रा सुनीता ने स्टॉप चाइल्ड लेबर विषय पर पेंटिंग बनाकर मैसेज दिया कि खेल और शिक्षा को हां कहेंऔर बाल श्रम को ना कहें,छात्र शिव शंकर राजवाड़े ने जंगल जमीन हमारा अधिकार विषय पर चित्र बनाकर बताया कि जल जंगल की रक्षा करने पर ही वन्य प्राणी की सुरक्षा एवं मानव सुरक्षा होगी,आज धन से वन जंगल को तौला जा रहा है, जो गलत है,सिमरन राजवाड़े ने पेंटिंग के माध्यम से 'उसका हक उसकी ताकत, समानता से सम्मान विषय को लेकर प्रेरणादायक मैसेज दिया, मनीषा राजवाड़े एवं भारती राजवाड़े बाल श्रम रोकें विषय पर चित्र बनाकर मैसेज दिया कि सभी बच्चों को प्यार और सुरक्षा, स्वस्थ भोजन और चिकित्सा देखभाल का अधिकार है। शिक्षा शुरू करें। बच्चों को औजार न दें, बल्कि उन्हें स्कूल भेजें,दूसरा कार्यक्रम स्विप कार्य योजना के तहत राज्य मतदाता जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम नारा लेखन एवं वीडियो प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एनएसएस एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मौलिक एवं स्वलिखित नारे बनाए,मतदाता सूचियों में ऑनलाइन नाम दर्ज करवाने हेतु प्रेरक नारा,मतदान करने हेतु प्रेरक नारे,भय एवं लोभ से मुक्त होकर मतदान को प्रेरित करते नारों के वीडियो बनाए गए,कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं स्विप नोडल अधिकारी शालिनी शांता कुजूर एवं सहायक अध्यापक अंजना ने किया, कार्यक्रम में अधिकार मित्र के रूप में चिरंजीव लाल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहे।



## युवक कांग्रेस ने शुरू किया वोट चोर गद्दी छोड़ का हस्ताक्षर अभियान



**बिश्रामपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान में युवक कांग्रेस तथा असंगठित कामगार कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में भटगांव विधानसभा के आमगांव मतदान केन्द्र से हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई, युवक कांग्रेस के असंगठित कामगार के तपन सिकदार की अगुवाई में शुरू हुए अभियान में युवक कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव शशि सिंह के साथ कांग्रेस नेता संजय डोसी, इस्माईल खान,सुनील अग्रवाल,महेन्द्र साहू,संजीत यादव,विनय मिश्रा के नेतृत्व में आमगांव में उपस्थित मतदाताओं व ग्रामीणों के समक्ष हस्ताक्षर अभियान के लगभग 200 फार्म भरवाकर अभियान की शुरुआत हुई। बताया गया कि वोट चोरी रोकने और फर्जी वोटिंग से बचने के लिए ग्रामीणों से फॉर्म भरवाया जा रहा है। साथ ही मतदाता सूची में हेरफेर और मताधिकार से वंचित करने की प्रथा को समाप्त करने की मांग को लेकर इन दिनों कांग्रेस पूरे राष्ट्र में व्यापक व बड़े अभियान पर है,कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची में लाखों प्रविष्टियां अधूरी हैं,तस्वीरें सही नहीं हैं,अनेक डुप्लीकेट नाम हैं और लाखों नाम गायब हैं,यह वोट चोरी दरअसल लोगों के आवाज की चोरी है,राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान में पारदर्शिता, जवाबदेही और तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने की मांग को लेकर चुनाव आयोग के समक्ष कांग्रेस के प्रत्येक पोलिंग, सेक्टर, जोन, मण्डल, ब्लॉक, जिला व विधानसभाओं से फार्म प्रेषित हो रहे हैं। इस दौरान भीमा सिंह पैकरा, सत्यनारायण पैकरा, अंकुश आयाम, दिलीप यादव, राजेन्द्र उईके, उजीत यादव, उज्जैन सिंह, अशोक यादव, ओम प्रकाश, सागर सिंह, विजय पाल यादव, बाल रूप पैकरा सहित अन्य उपस्थित थे।






## 14 मकानों में चोरी करने वाला दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सुभाष नगर स्थित 14 मकानों में चोरी करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि सुभाषनगर में 5 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने किराए में संचालित 14 मकानों का ताला तोड़कर चोरी की थी। चोर घर से घडी, 2 पुराना मोबाइल फोन, ब्लूटूथ नैकबैंड, ब्लेजर, और जुता, एलसीडी टीवी, वुफर, 50 हजार रुपए नगद, मोबाइल फोन, 2 लैपटाप, पंखा, व्हाइट ड्रेस 3 नग, गैस सिलेण्डर, टी शर्ट लोवर चोरी हुई थी। इस मामले इमं पुलिस ने जांच उपरांत लुंड्रा सिलसिला कुर्मीपारा निवासी 21 वर्षीय अक्षय पटेल आ. पंचम पटेल को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया था जबकि इस घटना में शामिल एक अन्य आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने मामले में गांधीनगर छत तलाब रोड निवासी 25 वर्षीय दीपक सोनवानी आ.स्व. केन्दरु सोनवानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अक्षय पटेल के साथ मिलकर चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी दीपक सोनवानी को भी बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए), 238, 3(5) के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, सउनि विपिन तिवारी, आरक्षक अतुल शर्मा, राहुल सिंह, रमन मण्डल सक्रिय रहे।



## खबर संक्षेप

### सीएम की पहल पर चार चरणों में मनाया जाएगा करम महोत्सव

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा इस वर्ष करम महोत्सव (करमा) आयोजित किये जाने की घोषणा के परिपालन में करम महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आदिम जाति विकास विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा करम महोत्सव के आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। करम महोत्सव का आयोजन चार चरणों में होगा। प्रथम चरण ग्राम पंचायत स्तर, द्वितीय चरण विकासखण्ड स्तर, तृतीय चरण जिला स्तर एवं चतुर्थ चरण राज्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। करम महोत्सव का आयोजन ग्राम स्तर पर 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखण्ड स्तर पर 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, जिला स्तर पर करम महोत्सव का आयोजन 1 नवम्बर से 7 नवम्बर तक तथा राज्य स्तर पर 8 नवम्बर से 15 नवम्बर तक करम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर प्रत्येक ग्राम की करम नृत्य दल का चयन ग्राम स्तर पर किया जाएगा, प्रत्येक ग्राम पंचायत केवल एक ही दल को विकासखण्ड स्तर के महोत्सव के लिए चयनित करेंगे। विकासखंड मुख्यालय में होने वाले प्रदर्शन के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले करम नृत्य दल जिला स्तर में आयोजित होने वाले महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देंगे। जिला स्तर के प्रस्तुती में अपने जिले में प्रथम स्थान पाने वाले दल प्रदेश स्तरीय करम महोत्सव में शामिल होंगे।

### जनपद उपाध्यक्ष ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण



**भैयाथान।** जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह ने विकासखंड अंतर्गत आधा दर्जन शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से पढ़ाई की जानकारी ली और शिक्षकों से सतत मूल्यांकन, उपस्थिति रजिस्टर तथा विद्यालयों में चल रहे रंग-रोगन कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने विद्यालयों में पाई गई कमियों पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित शिक्षकों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था और स्वच्छता दोनों में सुधार लाना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनपद उपाध्यक्ष ने शिक्षकों से कहा कि वे बच्चों को रोचक और रचनात्मक तरीके से पढ़ाएं ताकि उनकी सीखने की रुचि बनी रहे और उपस्थिति में निरंतर सुधार हो। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग के सभापति अनिमेष दुबे भी मौजूद रहे।

## पुलिस ने एक नशेड़ी को लिया हिरासत में, अन्य की तलाश जारी

# असामाजिक तत्वों का अड्डा बना स्कूल परिसर नशेड़ियों ने बरौली उराव पारा में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

बच्चों का भविष्य उज्जवल हो और पढ़ाई कर अपने साथ परिवार के साथ सहित गांव व जिले का नाम रौशन करे इसे लेकर शासन प्रशासन न सिर्फ गंभीर है बल्कि कई योजनाएं चला रही है जिससे बच्चों की पढ़ाई में रूचि बढ़े। शासन-प्रशासन द्वारा बस्ता, कापी-किताब के अलावा अन्य संसाधन उपलब्ध कराती है। प्रशासन द्वारा स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है। हैरानी की बात तो यह है नशेडी अब विद्या के मंदिर को भी नशाखोरी के लिए अपना अड्डा बना लिया है। बीती रात नशेड़ियों ने भैयाथान के बरौधी उरावपारा स्कूल में न सिर्फ तोड़फोड़ की बल्कि सामान को परिसर में फेंक दिया। इधर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एक संदेही नशेड़ी को हिरासत में लिया है।

**खास बात**
- ग्रामीणों में आक्रोश, बच्चे भयभीत

विकासखंड भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत बरौधी उरावपारा में संचालित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में नशेड़ियों द्वारा की गई तोड़फोड़ की घटना ने शिक्षा व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीती रात गांव के कुछ नशेड़ी युवक नशे में धुत्त होकर स्कूल की बाउंड्री और गेट तोड़कर परिसर में दाखिल होकर जमकर उत्पात मचाया। सुबह जब शिक्षक स्कूल पहुंचे तो पूरा स्कूल परिसर अस्त-व्यस्त मिला किताबें, टेबल, कुर्सियां, टाट फट्टी, आईना यहां तक कि हैंडपंप तक क्षतिग्रस्त हालत में मिला।



स्कूल में तोड़े गए सामान।

### नशेड़ियों ने बनाया अड्डा

गांव के लोगों के मुताबिक यह घटना रात के समय की है। नशे के आदि युवकों ने स्कूल में घुसकर तोड़फोड़ की और शिक्षण सामग्री को नुकसान पहुंचाया। लोगों का कहना है कि स्कूल परिसर सहित आसपास क्षेत्र में नशेड़ियों द्वारा नशाखोरी के लिए अपना अड्डा बना लिए है औरलंबे समय से निशीले सिरफ़ और इंजेक्शन जैसे मादक पदार्थों का सेवन करते हैं।

### गांव में फैल रहा नशे का जाल, युवा और बच्चे हो रहे शिकार

बरौधी सहित आसपास के क्षेत्रों में महुआ शराब, सिरफ़ और इंजेक्शन का दुरुपयोग तेजी से बढ़ रहा है। गांव के कई हिस्सों में अवैध रूप से शराब बनाई और बेची जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि अब कुछ नाबालिग भी इस लत की गिरफ्त में आने लगे हैं।

स्कूल में तोड़फोड़ की शिकायत स्कूल प्रबंधन द्वारा पुलिस से की । मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एक नशेड़ी संदेही को हिरासत में लिया है। साथ ही अन्य नशेड़ियों की तलाश शुरू कर दी है। इधर स्कूल में तोड़फोड़ की जानकारी लगने पर बच्चे तो भयभीत थे ही वहीं अभिभावक इस तरह की घटना को लेकर अब बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है।

### ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

गांव वालों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले को केवल गिरफ्तारी तक सीमित न रखकर पूरे नशे के नेटवर्क की गहराई तक जांच की जाए। गांव में नशीले नशीले इंजेक्शन कफ सिरफ बिक्री करने वाले के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही क्षेत्र में शराब बनाने वाले के विरूद्ध अभियान चलाकर धर पकड़ किए जाने की मांग की।

### एक नशेड़ी को लिया गया है हिरासत में

स्थानीय पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने एक संदही नशेड़ी को गिरफ्तार किया है जो घटना में शामिल था। अब पुलिस उसके जरिए यह पता लगाने में जुटी है कि इस पूरे नशे के नेटवर्क में और कितने लोग शामिल हैं तथा नशीले सिरफ़, इंजेक्शन आखिर कहां से आ रहे हैं।



# कलेक्टर ने किया वार्ड भ्रमण, सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस जयवर्धन ने नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता रजवाड़े, उपाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल ,पार्षद मुकेश गर्ग, प्यारे साहू, गैभीनाथ साहू, प्रमोद तायल, कंचन संजू सोनी के साथ नगर के वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री जयवर्धन ने वार्ड क्रमांक 4 स्थित एसएलआरएम सेंटर का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं में सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने नगर पालिका सीएमओ दीपक एक्का को डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन नियमित रूप से कराने एवं नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 3 स्थित दूल्ही तालाब में अतिक्रमण हटाने को लेकर तहसीलदार को निर्देश दिए। इसके अलावा श्री जयवर्धन ने वार्ड वासियो से शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी भी दी। वहीं शुक्रवार को कलेक्टर एस जयवर्धन ने सुबह नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता रजवाड़े, उपाध्यक्ष शैलेष अग्रवाल, तहसीलदार, सीएमओ एवं पार्षद के साथ नगर के वार्ड क्रमांक 7 एवं 8 का भ्रमण किया। इस दौरान कलेक्टर ने वार्डों में स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नगर की व्यवस्था में और सुधार लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि नगर की स्वच्छता एवं व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसके लिए नियमित निगरानी और जनभागीदारी जरूरी है।

# शहीद वीर सीताराम कंवर के 167वें शहादत दिवस पर रक्तदान

**प्रतापपुर।** शहीद वीर सीताराम कंवर के 167 वीं शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा एवं रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम मायापुर 1 में किया गया साथ ही सरनापारा तिराहा चौक पर शहीद सीताराम कंवर चौक का नामकरण किया। इस अवसर पर समाज के लोगों द्वारा 20 युनिट रक्तदान किया गया।

चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक व समाज की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रक्तदान मुन्नी, राधेश्याम पैकरा, अर्चना पैकरा,उमेश कुमार, देवेंद्र प्रताप, विजेन्द्र पैकरा, अमरनाथ पैकरा, मुन्नी बाई, सोनी लाल,दुल्हन पैकरा, शिवकुमार पैकरा, परमेश्वर पैकरा, मोहर लाल पैकरा, इन्द्रभान सिंह, जलेश्वर पैकरा, महेंद्र कंवर, सुनील पैकरा, खुलेशवर पैकरा, डॉ. राजेश पैकरा, हरिश्चंद्र पैकरा, मोतीलाल पैकरा द्वारा रक्तदान किया गया। अतिथियों द्वारा शहीद सीताराम कंवर के जीवनी व समाज के संस्कृति संरक्षण और सामाजिक नियमावली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेपी साय, डॉ. राजेश पैकरा, मोतीलाल पैकरा, रावेन्द्र पैकरा, रामवृक्ष पैकरा, राम साय पैकरा, अनिल कुमार पैकरा, गोपाल पैकरा, हरिकेश्वर पैकरा, महेश पैकरा, शिवकुमार पैकरा, विजय पैकरा, रामकुमार सिंह, देव प्रसाद, अनिल कुमार, देवचंद, हरिश्चंद्र पैकरा, शिवधारी पैकरा, उमेश पैकरा, प्रेम साय पैकरा, रामचंद्र पैकरा सहित कंवर समाज के लोग उपस्थित थे।



# पीईकेबी फुटबॉल टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबलों की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

परसा ईस्ट केते बासेन फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा, तीसरा और चौथा दिन उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। विभिन्न जिलों की टीमों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। तीन दिनों में कुल छह मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

- तीन दिनों में खेले गए छह मैच, खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन

प्रत्येक मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को 'मैन ऑफ द मैच' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 6 अक्टूबर को दुग्गा बनाम वृन्दावन के मध्य खेला गया जिसमें वृन्दावन ने दुग्गा को 1-0 से हराया। खलेश्वर को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। रैबल पैंथर लुंड्रा बनाम गीना बहार जशपुर मैच मे गीना बहार जशपुर ने 3-1 से जीत दर्ज की। राहुल को 'मैन ऑफ द मैच' पुरस्कार मिला 07 अक्टूबर को यूनाइटेड इलेवन अंबिकापुर बनाम बरपारा बलरामपुर के मध्य खेला गया जिसमें बरपारा बलरामपुर ने 3-1 से जीत हासिल की। गोलकीपर गंगा राम को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। 8 अक्टूबर को परसा बी बनाम दादा भाई बैकुंठपुर कोरिया के बीच खेले गए मुकाबला में परसा बी ने 3-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। नील भूषण को मैन ऑफ द मैच' चुना गया। इसी प्रकार चरचा कालरी बैकुंठपुर कोरिया बनाम स्टार क्लब लखनपुर के बीच मैच खेला गया जिसमें चरचा कालरी ने 3-0 से जीत दर्ज की। आयुष करकेट्टा को 'मैन ऑफ द मैच' सम्मान मिला। जेएफसी कुन्नी बनाम शिवनगर सूरजपुर के बीच हुए मुकाबला में शिवनगर ने 2-0 से मुकाबला जीता। राहुल करियाम को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। 9 अक्टूबर को गुटूरमा कोरबा बनाम चरचा कालरी कोरिया के बीच खेले गए मैच में चरचा कॉलरी ने प्लांटी के माध्यम से 4-2 से जीत दर्ज की। अशोक कुमार जी को बेहतर प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' पुरस्कार प्रदान किया गया। इस टूर्नामेंट में विभिन्न जिलों की टीमें भाग ले रही हैं, जो खेल भावना और सामूहिक उत्साह का प्रतीक हैं। दर्शकों को हर दिन रोमांचक मुकाबलों का अनुभव मिल रहा है। खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की जा रही है, जिससे स्थानीय खेल संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। फाइनल मैच के साथ समापन समारोह 17 अक्टूबर को प्रस्तावित है, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आयोजन समिति की उपस्थिति रहेगी।



# अवैध गिट्टी बोल्डर लोड दो ट्रैक्टरों को खनिज विभाग ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अवैध रूप से ट्रैक्टर में गिट्टी बोल्डर लोडकर परिवहन करने के दौरान खनिज विभाग की टीम ने दो ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

गौरतलब है कि ग्राम बेलटिकरी निवासी ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 29 एडी 3262 का चालक जयसाय सिंह व एक बिना नंबर के ट्रैक्टर वाहन चालक व मालिक ग्राम पंचायत भरतपुर निवासी मनबोध द्वारा शुक्रवार को वाहन में अवैध रूप से बोल्डर गिट्टी लोडकर मुख्य मार्केट की ओर जा रहे थे,तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर ग्राम सतपता में खनिज विभाग की टीम ने उक्त दोनों वाहनों को रोककर कागजात की मांग की गई,दोनों वाहन चालकों द्वारा कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाने पर उक्त दोनों वाहनों को जब्त कर बिश्रामपुर पुलिस के सुपुर्द सुरक्षागत रखवा दिया गया है,मामले में अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन विभागीय अधिकारियों द्वारा सूरजपुर कलेक्टर को प्रेषित किया जाएगा।

# शिवनंदनपुर में भूमि स्वामी पट्टा दिलाने चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स ने मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर के लगभग 350 परिवारों ने राज्य शासन से एक बार फिर अपने घर और दुकान की जमीन के लिए स्थाई हक व कानूनी मान्यता दिलाने की मांग रखी गई है,मामले में महिला एवं बाल विकास मंत्री व भटगांव

- एनएच के उत्तर दिशा में करीब 350 परिवार शासकीय भूमि पर दुकान व मकान बनाकर वर्षों से हैं काबिज
- कई बार भूमि व्यवस्थापन करने किया जा चूका है सर्वे, कारवाई अधूरी रह जाने से लंबित रह गई पट्टा मिलने की मांग

विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को लिखे गये पत्र में नपं शिवनंदनपुर गुरुद्वारा गली निवासी भाजपा नेता व चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने उल्लेख किया है कि यहां पर सैकड़ों परिवार पिछले 50 से 60 वर्षों से सड़क किनारे अपने मकान और व्यवसायिक प्रतिष्ठान बनाकर जीवनयापन कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें उस भूमि का स्वामित्व नहीं मिल सका है। वर्ष 1990 में तत्कालीन मध्यप्रदेश शासन द्वारा इस शासकीय भूमि पर काबिज लोगों को पट्टे पर देने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी,उप सचिव, राजस्व विभाग भोपाल के 11 मार्च 1990 के पत्र के माध्यम से डिप्टी कलेक्टर सरगुजा को कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए थे,शिवनंदनपुर से भोपाल की दूरी और प्रशासनिक उदासीनता के चलते यह कार्य बीच में ही ठहर गया,इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य गठन पश्चात छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने वर्ष 2010 में पुनः कार्यवाही के निर्देश दिए, अपर सचिव रायपुर के 16 सितंबर 2010 के पत्र के आधार पर संयुक्त कलेक्टर सरगुजा ने 30 नवम्बर 2010 को एक माह के भीतर रिपोर्ट देने का आदेश भी जारी किया था,बावजूद इसके निचले स्तर के अधिकारियों द्वारा यहां के लोगों को जानकारी नहीं दी गई,जिसके चलते मामला आज तक लंबित है,इसके बाद पिलखा नायब तहसीलदार बिश्रामपुर ने वर्ष 2012-13 में पुनः पहल की थी और पत्र क्रमांक राप्रक्र 2399/12-13 के तहत राजस्व निरीक्षकों की टीम गठित की गई थी, मगर यह प्रक्रिया भी अधूरी रह गई, यहां के लोगों को स्थाई पट्टे की व्यवस्था प्रदान न हो पाने से आए दिन बेवजह खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय विधायक व मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से आग्रह किया गया है कि वे मामले में हस्तक्षेप कर पुनः नये सिरे से सर्वे कराकर भूमि स्वामी पट्टा वितरण की कार्यवाही पूरी कराएं,ताकि दशकों से निवास कर रहे परिवारों को राहत मिल सके और वे अपने मकान व दुकानों पर कानूनी हक पा सकें, स्थानीय लोगों का कहना है कि हमने पीढ़ियों तक इस भूमि को बसाया और संवारा है,अब राज्य शासन को हमारी दशकों पुरानी मांगों को पूरी कर स्थाई बसाहट की व्यवस्था करनी चाहिए।



शासकीय भूमि पर बने दुकान व मकान।

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900868 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025
दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वाँस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :-12 अक्टूबर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555


तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
आई.एल.एस. हॉस्पिटल रायपुर के मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. भुवन शर्मा
MD,DM ( Neurology )
रायपुर के पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल
MBBS,MD Medicine ( Delhi )
DM ( Gastro ) BHU Varanashi
दर्द एवं जोड़ो के विशेषज्ञ
डॉ. बी. मिंज
MBBS,MD,FIPM | Fellowship in pain Management | interventional Pain Physician
Trained Advance Pain Management Procedure From
Balaji Action Hospital,Delhi Dasadia Pain Management Centere,Kolkata
रायपुर के सुप्रसिद्ध किडनी,प्रोस्टेट,स्टोन एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.ताज मोहम्मद सिद्दकी
MS General Surgery
MCH Urology & Renal Transplant
Urology, ANDROLOGY,
Avansed Laparosdopic & Kidney Transplant Surgeon
रायपुर के सुप्रसिद्ध बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ.रितेश रंजन
MBBS,MS MCH ( Mumbai )
Neonatal & Pediatric Surgeon
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर
1.5 TESLA MRI
MULTISLICE CT SCAN & ALL DIAGNOSTIC
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-||
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन , एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ
डॉ. महावीर सिंह जौहरी
MBBS,MS,DNB ( Hyderabad )
FEN ( Jabalpur ), CNETS AIIMS ( Delhi )
रायपुर के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. तुषार बहादुरे
MD, Internal Medicine
DM ( Nephrologist )
12 अक्टूबर 2025 माह के दूसरे रविवार को
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,
8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
स्वस्थ प्रेगनेंसी से लेकर नवजात शिशु की देखभाल एवं ईलाज के लिए उत्कृष्ट केंद्र
उपलब्ध ऑपरेशन सेवाएं
1. बच्चेदानी का ऑपरेशन 4. सर्जरी द्वारा प्रसव (LSCS)
2. महिला नसबंदी (LTT) 2. बच्चेदानी की सफाई (D&C)
3. नॉर्मल डिलीवरी
ऑपरेशन थियेटर
सोनोग्राफी सुविधा
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
डॉ.गिरीश पैंकरा
MBBS, DCH Pediatrics
बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (DBS & GYN)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर | मो. 9826461355

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH



## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹251/- फोन से परामर्श केवल ₹501/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : 96308-91863

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
नया रामावतार पेट्रोल पंप के सामने, सहदेवड़ा ज्वेलर्स के बाजू दर्री रोड, कोरबा (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : 96308-91863

## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की बैठक 14 को

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग रायपुर के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा तथा सदस्य नीलांबर नायक, यशवंत सिंह वर्मा, बलदाऊ राम साहू, हरिशंकर यादव, श्रीमती शैलेन्द्री परगनिल एवं कृष्णा गुप्ता की उपस्थिति में जिले के विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक 14 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से सायं 4 बजे तक जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, सूरजपुर में आयोजित होगी। बैठक में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अन्य पिछड़ा वर्ग के हितों, सहभागिता एवं जनगणना से संबंधित विषयों की समीक्षा की जाएगी।

### नगर की संध्या को केतकी रत्न अवार्ड से किया सम्मानित



**बिश्रामपुर।** प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था कथा कुंज साहित्य सेवा परिषद द्वारा अंतराष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन उत्तरप्रदेश के लखीमपुर खीरी में किया गया,आयोजन में देश विदेश से चयनित 21 साहित्यकार उपस्थित हुए जिन्हें सम्मानित किया गया है,इस आयोजन में बिश्रामपुर निवासी संध्या त्रिपाठी को केतकी साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया,समारोह में बतौर अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह पूर्व मंत्री कृष्णा राज एवं नगर पालिका परिषद मोहम्मदी के अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा के हाथों 21 साहित्यकारों को सम्मान प्राप्त हुआ,आयोजन में संस्था के संस्थापक गोविंद गुप्ता और उनकी पूरी टीम सक्रिय रही।

### मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत बालक स्कूल का सामाजिक अंकेक्षण



**रामानुजनगर।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पीसी. सोनी, एसएमडीसी के अध्यक्ष विकास दुबे तथा सांसद प्रतिनिधि सुरेश मरकाम की उपस्थिति में किया गया। अंकेक्षण दल का नेतृत्व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुवनेश्वरपुर के प्रभारी प्राचार्य दशरथ राम ने किया। दल में ग्राम पंचायत सरपंच राम सिंह टेकाम, सेवानिवृत्त शिक्षक सीबीएल कुशवाहा, वार्ड पंच शोसन एवं चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी सम्मिलित रहे। साथ ही कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। सामाजिक अंकेक्षण का उद्देश्य शासकीय विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षण प्रक्रिया, विद्यार्थियों की उपलब्धियां, आधारभूत सुविधाएं और शिक्षकों की उपस्थिति जैसे प्रमुख बिंदुओं पर पारदर्शी मूल्यांकन करना रहा। विज्ञान संकाय के प्रभारी गोपाल सिंह ने स्मार्ट टीवी के माध्यम से 20 बिंदुओं पर आधारित विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसे अंकेक्षण दल ने गंभीरता से सुना एवं सराहा। कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार शर्मा द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि इस पहल से शैक्षणिक गुणवत्ता में और सुधार आएगा तथा शासन की मंशा अनुसार शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व की भावना को बल मिलेगा।

### डीए और डीए एरियर्स पर कर्मचारी संघों की बैठक आज

अम्बिकापुर। एक मांग एक मंच अभियान के तहत कर्मचारियों, अधिकारियों व विभिन्न कर्मचारी संघों की संभागीय बैठक 11 अक्टूबर को 12 बजे जनपद सभागार में रखी गई है। बैठक में एक मांग एक मंच अभियान पर संभाग के साथियों से विचार विमर्श किया जाएगा। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष करन सिंह अटेरिया के नेतृत्व में आयोजित बैठक में प्रगतिशील पर्यवेक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष मीना राजवाड़े, जितेंद्र सिंह ठाकुर प्रांत अध्यक्ष कोषालय कर्मचारी संघ, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष एमएल स्वर्णकार, कर्मचारी कल्याण संघ के विद्याभूषण दुबे व रायपुर के अन्य कर्मचारी मार्गदर्शन के लिए उपस्थित रहेंगे।

## पेज 1 के शेष...

### कूटरचित दस्तावेज तैयार कर...

उगाही करने और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर गलत तरीके से लाभ लेने के मामले में बीएनएस की धारा 296, 61 (ख), 318 (4), 338, 339, 3 (5) व छग ऋणियों का संरक्षण अधिनियम की धारा 4 के तहत पटपरिया निवासी 45 वर्षीया अनुपमा सिंह पति स्व. गणेश प्रताप सिंह, दर्रीपारा निवासी पंकज चौधरी आ. स्व.सकलदीप चौधरी, भक्कू राम मुंडा आ. मोहन राम मुंडा, मायापुर निवासी अनुज सिंह आ. हरी नारायण सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने कोरा चेक लेकर उसमें मनमानी रकम भरकर अलका सिंह की गैर मौजूदगी में पंकज चौधरी से फर्जी कुटरचित स्टांप लिखवाकर तैयार कराकर न्यायालय में अवैध लाभ लेने के लिए परिवाद दायर करने की बात भी स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोबाईल स्टांप पेपर जब्त किया है जबकि पंकज चौधरी फर्जी स्टाम्प लिखना स्वीकार किया है। प्रकरण में फरार आरोपी की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, उनि नवल किशोर दुबे, महिला आरक्षक प्रिया रानी, आरक्षक अतुल शर्मा सक्रिय रहे।

#### लगातार बारिश होने के कारण उत्पादन में आई कमी

# खरीफ आलू की खुदाई शुरू, मांग में कमी आने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के किसानों ने खरीफ आलू की खुदाई प्रारंभ कर दी है। इस बार स्थानीय बाजारों में मांग नहीं होने के कारण किसान बनारस की मंडी में अपनी उपज बेच रहे हैं। लगातार बारिश से इस बार उत्पादन कम हो गया है साथ ही आलू की कीमत भी कम मिल रही है जिससे आलू उत्पादक किसान निराश है।

**खास बात**
- 25 रूपए किलो खरीदा था बीज, बिक रहा 21 रूपए किलो

सरगुजा संभाग के पठारी इलाकों में बड़े पैमाने पर किसान खरीफ आलू की खेती करते हैं। इस बार लगातार बारिश होने के कारण खरीफ आलू के रकबे में भारी कमी आई है। बारिश के कारण किसानों ने काफी विलंब से खेती शुरू की। लगातार वर्षा होने के कारण प्रारंभ में खेतों में लगाए गए एक तिहाई बीज सड़ गए। बची फसल में नमी की मात्रा अधिक होने के कारण बीच-बीच में रोग एवं कीटों का आक्रमण होने के कारण किसानों को फसल बचाने के लिए कई बार कीटनाशक एवं फंगसरोधी दवाओं का छिड़काव कराना पड़ा। समय पूरा होने पर अब



आलू निकालते श्रमिक।

किसान आलू की खुदाई करा रहे हैं। इस बार की उपज अपेक्षाकृत छोटी है तथा उत्पादन में भी कमी आई है। किसानों का कहना है कि वे जितना बीज लगाए थे उसका डेढ़ गुना अधिक आलू निकल रहा है। इस बार खरीफ आलू की मांग में भी कमी आई है। एक सप्ताह से किसान अपनी उपज खोद रहे हैं। हर साल खेतों में पहुंचकर पूरी उपज खरीदने वाले व्यापारियों को किसानों ने सूचना भी दी लेकिन अभी तक कोई व्यापारी नहीं पहुंचा है। मजबूरी में किसान स्वयं अपनी उपज को बनारस लेजाकर मंडी में बेच रहे है। बनारस मंडी में आलू 27-28 रूपए किलो जबकि खेतों से 21 रूपए किलो बिक रहा है। मैनपाट अंतर्गत ग्राम सपनादर के किसान महेश यादव ने बताया कि जून में 25 रूपए की दर से बीज खरीदे थे जबकि 21 रूपए किलों की दर से आलू बिक रहा है। बनारस मंडी ले जाने पर प्रति बोरा 120 रूपए से अधिक परिवहन खर्च लग रहा है। ऐसे में जैसे-तैसे लागत निकल रही है। इस बार लगातार बारिश होने एवं उपज कम होने से कई किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। मांग में कमी आने के कारण आगे भी दर में सुधार होने की संभावना कम है।

**खेतों में पहुंची थी गाड़ियां**

बनारस, इलाहाबाद सहित अन्य पड़ोसी राज्यों के साथ ही छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में खरीफ आलू की भारी मांग रहती है। स्वाद बदलने के लिए लोग खरीफ आलू को अधिक पसंद करते हैं तथा महंगा होने के बावजूद खरीदते हैं। इस बार की स्थिति से स्वयं किसान भी हैरान हैं। न तो खरीफ आलू की मांग स्थानीय बाजारों में है न ही बाहर की मंडियों में। पहले व्यापारी अपनी गाड़ियां लेकर खेतों में पहुंच जाते थे तथा मांग बढ़ने पर किसानों को अधिक कीमत देकर उनकी उपज खरीदते थे। इस बार आलू का कारोबार करने वाले मैनपाट के व्यापारी भी शांत हैं। संभाग मुख्यालय के सब्जी व्यापारी भी खरीफ आलू के कारोबार में रूचि नहीं ले रहे हैं। इधर किसानों की मजबूरी है कि समय पर आलू नहीं निकालेंगे तो फसल में सड़न होगी तथा नुकसान बढ़ जाएगा।

**इन क्षेत्रों में खेती**

खरीफ आलू की खेती सरगुजा जिला के मैनपाट, बलरामपुर के सामरीपाट एवं लहसूनपाट तथा जशपुर के बगीचा सहित अन्य पठारी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर की जाती है। मौसम चक्र में बदलाव आने एवं कीट तथा रोगों के प्रकोप से भारी नुकसान होने के कारण खरीफ आलू के रकबे में लगातार कमी आ रही है। पहले मैनपाट में ही 5 हजार एकड़ से अधिक रकबे में खरीफ आलू की खेती होती थी जो अब सिमटकर एक हजार एकड़ से भी कम हो गई है। आलू के खेती के चक्कर में कई किसान कर्जदार बन गए हैं।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## वन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 8 लाख की ठगी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नौकरी लगवा देने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है।

- एक अन्य अभी भी फरार

बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि पहले वन विभाग व बाद में हॉस्टल अधीक्षक के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर 55 वर्षीय संतोष सिंह निवासी बुढ़ा बगीचा राजपुर द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर नपं शिवनंदनपुर निवासी प्रार्थी 32 वर्षीय हमिद अहमद पिता स्व.वहिद अहमद से 8 लाख 9 हजार रुपए की ठगी की है,पुलिस ने बताया कि पीड़ित हमिद अहमद ने लिखित शिकायत दी कि राजपुर निवासी संतोष सिंह और उसका साथी बिश्रामपुर निवासी रामेश्वर प्रसाद ने वर्ष 2022 में उसे वन विभाग व हॉस्टल अधीक्षक पद पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया तथा भरोसा दिलाने के बाद दोनों ने अलग-अलग किस्तों में 8 लाख 9 हजार रुपए ऐंठ लिए,लेकिन काफ़ी समय गुजरने के बाद भी न तो नौकरी मिली और न ही पैसा वापस किया गया,प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस की जांच के दौरान पीड़ित के बयान दर्ज के आधार पर संतोष सिंह को उसके निवास राजपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है,मामले में आईपीसी की धारा 420, 34 के तहत कार्यवाही करते हुए आज शुक्रवार को सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया गया है, पुलिस ने बताया कि मामले में एक अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है, उक्त कार्यवाही में बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर, सहायक उपनिरीक्षक अविनाश सिंह, प्रधान आरक्षक नवीन सिंह, आरक्षक अखिलेश पांडेय व अन्य सक्रिय रहे।

## आईजी की मौजूदगी में 181 नव आरक्षकों को शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में नव आरक्षकों का दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। इस दौरान प्रदेशभर के कुल 181 नौजवानों ने कर्तव्य निष्ठा की शपथ ली। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईजी दीपक कुमार झा शामिल हुए और जवानों की हौसला आफजाई की।

- पीटीएस मैनपाट का 11वां दीक्षांत समारोह

बता दें कि पुलिस प्रशिक्षण केंद्र मैनपाट में नव आरक्षकों का 11वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस बार दीक्षांत समारोह में कुल 181 जवान शामिल हुए जिसमें कांकेर से 49, नारायणपुर से 36, कोंडागांव से 28, सुकमा से 31 और बीजापुर से 37 जवानों ने परेड ग्राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पुलिस अधीक्षक पीटीएस सचिंद्र चौबे ने मुख्य अतिथि पुलिस



महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा का आभार व्यक्त करते हुए दीक्षांत परेड समारोह में शामिल नौजवानों के प्रतिभाओं के बारे में सामान्य जानकारी से अवगत कराते हुए नौजवानों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस दौरान आईजी श्री झा ने कहा कि आज का दिन आप सभी के लिए बहुत ही हर्ष का दिन है, जो आज आप सब पुलिस विभाग के प्रथम स्तंभ में पूर्ण रूप से ट्रेंड होकर आज इस मुकाम को हासिल किया है। इसके लिए आप सभी को शुभकामनाएं, यहां के प्रशिक्षक को भी धन्यवाद जिनके कुशल प्रयास एवं परिश्रम से बुनियादी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आप सभी ने अनुशासित रहकर निर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण के मुख्य रूप से तीन आयाम हैं पहला शारीरिक क्षमता का विकसित करना, दूसरा कानून का ज्ञान एवं तीसरा विभिन्न हथियारों का ज्ञान एवं संचालन जो पुलिस विभाग में कार्यरत रहने के दौरान सभी जवानों को पूरे सर्विस काल तक काम आता है। आरक्षक पुलिस विभाग का नीव होता है जो सीधे तौर पर आम जनता से जुड़कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है। परित्राणाय साधुनाम जो पुलिस का आदर्श वाक्य है इसे चरितार्थ करना आप सबका मूल कर्तव्य है। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय के पुलिस अधीक्षक सहित समस्त प्रशिक्षकों की सराहना भी किए जिन्होंने इंडोर एवं आउटडोर की कक्षाओं में अपना सर्वस्व अनुभव का ज्ञान देते हुए एक बेहतर समाज के निर्माण हेतु सशक्त बनाया। कार्यक्रम के दौरान दीक्षांत परेड समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परेड कमांडर रमेश कुमार मज्जी, एवं सहायक परेड कमांडर खेमन लाल भोयर सहित अन्य जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर आईजी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्रीमती सुनीता दास ने किया। इस दौरान एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल, एएसपी विशा राकेश पाटनवार, एसडीओपी राजेंद्र मांडवी सहित अन्य मौजूद थे।

### घर की बाड़ी में लगाया था गांजा का पौधा, आरोपी गिरफ्तार

**कुसमी।** नशे के खिलाफ चलाए गये अभियान में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने घर की बाड़ी में गांजा के पौधे लगाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना अंतर्गत ग्राम घुईझरिया अमरपुर निवासी किसुन यादव अपने घर की बाड़ी में गांजा का पौधा लगाया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने किसुन यादव के घर में दबिश देकर तलाशी ली। इस दौरान ग्रामीण के घर की बाड़ी में नहानी घर के समीप 1 नग पौधा बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी किसुन यादव को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(क), 20(ख) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।





### गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने घटिया निर्माण को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत लगभग 38 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की घटिया निर्माण को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की प्रतापपुर इकाई ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें विद्यालय के निर्माण कार्य की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराए जाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया है कि यह विद्यालय क्षेत्र के आदिवासी एवं गरीब बच्चों के लिए शिक्षा का एक सशक्त माध्यम बनने जा रहा है, लेकिन यदि निर्माण की गुणवत्ता इसी प्रकार संदेहास्पद बनी रही, तो यह उनके भविष्य के साथ अन्याय होगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि निर्माण कार्य को एक निजी ठेकेदार फर्म के माध्यम से कराया जा रहा है, जो निर्माण मानकों का पालन नहीं कर रही है। बावजूद विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। साथ ही 7 दिवस के अंदर मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## पार्षद गुप्ता की पहल से छात्राओं की सुनवाई

**रामानुजगंज।** शिक्षा के क्षेत्र में जनप्रतिनिधि की संवेदनशील पहल एक बार फिर रंग लाई है। नगर के वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद एवं शासकीय लरंगसाय महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष विकास गुप्ता के प्रयासों से अब शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को भौतिकी विषय की पढ़ाई में आने वाली दिक्कतों से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। पार्षद विकास गुप्ता ने बताया कि 8 अगस्त को कलेक्टर को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि विद्यालय में लगातार तीन वर्षों से भौतिकी विषय के



**भौतिकी के शिक्षक की होगी नियुक्ति**

शिक्षक की अनुपलब्धता के कारण छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यह समस्या उन्हें तब पता चली जब वे अपने वार्ड के अंतर्गत स्थित विद्यालय में आयोजित एक शैक्षिक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान छात्राओं ने व्यक्तिगत रूप से फिजिक्स शिक्षक न होने की शिकायत की थी। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए पार्षद गुप्ता ने जिला शिक्षा अधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा और तत्काल शिक्षक की नियुक्ति की मांग की। कलेक्टर के निर्देश पर 29 सितंबर को भौतिकी विषय के शिक्षक की नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** एमजी रोड निजी स्कूल के समीप सड़क हादसे में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। फुन्दुरडिहारी धोबीपारा निवासी शैलेश कुमार सिन्हा आ. वीरेन्द्र कुमार सिन्हा (45 वर्ष) आज सुबह लगभग 10 बजे घर से नाश्ता कर बाइक से निकला था। दिन लगभग 11 बजे से 12 बजे के बीच एमजी रोड निजी स्कूल के समीप सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। युवक की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक एमजी रोड निजी स्कूल समीप होटल के पास बाइक को खड़ा कर सड़क की दूसरी ओर जा रहा था तभी तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया था। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। साथ ही मर्ग डायरी संबंधित थाने भेजने की तैयारी में है।

## कांग्रेस में जिलाध्यक्ष के चयन हेतु पहुंची 4 सदस्यीय टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कांग्रेस के संगठनात्मक नियुक्तियों में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत शनिवार से सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के लिए रायशुमारी की जाएगी।

- आज कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के बाद करेगी रायशुमारी

इस रायशुमारी के लिए आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने झारखंड राज्य कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में 4 सदस्यीय कमेटी का






गठन किया है जिनमे छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू, भानुप्रतापपुर की विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व संगठन मंत्री अमरजीत चावला शामिल हैं। सरगुजा जिले में कांग्रेस अध्यक्ष को चुनने के लिए खिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त यह टीम 11 से 14 अक्टूबर तक जिला संगठन के साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों का दौरा कर रायशुमारी करेगी। 11 अक्टूबर को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में समस्त जिला संगठन के साथ ही साथ ब्लॉक अध्यक्षों और स्थानीय निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ सामूहिक बैठक होगी। इसके उपरांत आईसीसी की यह टीम वन टू वन मुलाकात कर रायशुमारी करेगी। सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनने के इच्छुक उम्मीदवारों से भी वन टू वन मुलाकात होगी। 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक टीम ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों का दौरा कर रायशुमारी करेगी।

**नए अध्यक्ष के लिए गहन चर्चा पर बल**

कांग्रेस ने संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2025 संगठन को मजबूत बनाने के लिए निर्धारित किया है। मौजूदा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी इस मामले में पूरे प्रदेश में अग्रणी रहा है। बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी ने समय से पूर्व मंडल अध्यक्ष और उनकी कमेटियों के गठन के साथ ही सेक्टर प्रभारी और बीएलए की नियुक्ति कर दी। सरगुजा जिले के सभी मतदान केंद्रों में सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी ने बीएलए की नियुक्ति के साथ ही निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रपत्र में उनकी नियुक्ति को अधिकृत भी किया है। ऐसे ही बूथ लेबल कार्यकर्ताओं को भी रायशुमारी में शामिल कर कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष जी नियुक्ति का लक्ष्य रखा है। आईसीसी की टीम अपने चार दिन के दौरे में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा करने के साथ ही साथ जिला संगठन, मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ, ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक की कार्यकारिणी, मंडल अध्यक्ष, बीएलए सभी से रायशुमारी करेगी। पार्टी के अंदर की राय जानने के साथ ही साथ स्थानीय मीडिया और सामाजिक संगठनों से भी चर्चा कर उनकी राय ली जायेगी। इसके उपरांत नये जिलाध्यक्ष के लिए टीम अपनी अनुशंसा को पार्टी नेतृत्व को देगी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411